संपादकीय

आत्मनिर्भरता की पहल

मंगलवार को जब संसद में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अपना चौथा आम बजट पेश किया तो कई मायनों में यह अलग था। कई परंपराएं बदलीं, ये पेपरलेस बजट और भाषण संक्षिप्त था। पांच राज्यों के चुनाव के बीच आये बजट में भले ही नये करों का प्रावधान नहीं था, लेकिन यह लोकलुभावन बजट भी नहीं था। वर्ष 2022-23 के बजट में नौकरीपेशा वर्ग को आयकर में छूट न मिलने पर निराशा जरूर हुई, जो कोरोना संकट में आय संकुचन के दौर में राहत की उम्मीद लगाये हुए था। दरअसल, सरकार का पूरा ध्यान इन्फ्रास्ट्रक्चर पर रहा। लेकिन महंगाई और बेरोजगारी दूर करने को बड़ी पहल होती नजर नहीं आई। सरकार का कहना है कि अमृतकाल में देश को आत्मनिर्भर बनाने की पहल हुई है। इसके अलावा भारत में दखल बनाती क्रिप्टो करंसी पर तीस फीसदी टैक्स लगाने, इसके लेन-देन में टीडीएस लगाने, आरबीआई द्वारा इस वर्ष डिजिटल करंसी जारी करने, डाकघरों को मुख्य बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने, ई-पासपोर्ट सेवा आरंभ करने जैसी कई महत्वपूर्ण घोषणाएं बजट में की गई। वहीं पूर्वोत्तर के विकास हेतु 1500 करोड़ रुपये आवंटित करने तथा आगामी तीन सालों में चार सौ वंदे भारत ट्रेनों के परिचालन की घोषणा की गई। सरकार ने अर्थव्यवस्था में गति लाने के क्रम में राजस्व घाटा 6.4 फीसदी रहने का अनुमान जताया है तथा वर्ष 2022-23 में कुल खर्च 39.45 लाख करोड़ रुपये रहने का आकलन है। वहीं विपक्ष कह रहा है कि देश में रिकॉर्ड महंगाई और बेरोजगारी को नियंत्रित करने के लिये कोई ठोस पहल नहीं हुई है। कोरोना संकट से जूझते आम आदमी को यह बजट राहत नहीं देता। यह भी कि एक ओर सरकार सौर ऊर्जा को बढ़ावा तथा पर्यावरण सुरक्षा को प्राथमिकता देने की बात करती है, वहीं नदी जोड़ योजना के जरिये पारिस्थितिकीय संतुलन से खिलवाड़ कर रही है।

दरअसल, लगातार दो साल से महामारी का दंश झेल रहे और आय के स्रोतों के संकुचन से त्रस्त लोग आस लगाये बैठे थे कि सरकार की तरफ से उनकी क्रयशक्ति बढ़ाने की दिशा में पहल होगी। मगर सरकार ने आपूर्ति श्रृंखला को ही प्राथमिकता दी है। लेकिन आपूर्ति बढ़ाना तभी सार्थक होगा, जब लोगों की क्रय क्षमता बढ़ने से बाजार में मांग बढ़ेगी। वह भी उन वैश्विक रिपोर्टों के बीच कि कोरोना संकट में देश के अस्सी फीसदी लोगों की आय में संकुचन हुआ है और अमीर लोगों की आय दुगुनी से अधिक हो गई है। वहीं लंबे किसान आंदोलन के बाद उम्मीद थी कि सरकार किसानों को राहत देने के लिये कुछ बड़ा करेगी क्योंकि प्रधानमंत्री ने इस साल तक किसानों की आय दुगुनी करने का लक्ष्य रखा था। कुछ लोग देश की आधी आबादी को रोजगार देने वाले कृषि क्षेत्र की आय को बढ़ाने के लिये बड़ी पहल की उम्मीद कर रहे थे। निस्संदेह कोरोना संकट में कृषि क्षेत्र ने ही भारतीय अर्थव्यवस्था को संबल दिया था। वहीं पीएम किसान सम्मान निधि में वृद्धि की उम्मीद भी जतायी जा रही थी। हालांकि, बजट में किसान ड्रोन, प्राकृतिक खेती, लैंड डिजिटाइजेशन, एमएसपी के लिये 2.37 लाख करोड़ रखने, नाबार्ड के जरिये कृषि स्टार्टअप्स के वित्तीय पोषण, 1208 मीट्रिक टन धान-गेहूं की खरीद के प्रावधान रखने से किसानों को राहत देने की पहल जरूर हुई है। दूसरी ओर वक्त की जरूरत के हिसाब से एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट, गेमिंग और कॉमिक्स सेक्टर में रोजगार को बढ़ावा देने के लिये प्रमोशन टास्क फोर्स बनाने का फैसला किया गया है। साथ ही व्यावसयिक शिक्षा के लिए डिजिटल यूनिवर्सिटी बनाने का निर्णय हुआ है। अगले पांच साल के लिये छह हजार करोड़ रुपये का प्रावधान बताता है कि एमएसएमई सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। दो लाख आंगनवाड़ी अपग्रेड करने का मकसद कुपोषण व अशिक्षा के खिलाफ लड़ाई को तेज करने का प्रयास है।

अब महिला आईपीएल का भी होगा आयोजन, बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने दिए संकेत

नईदिल्ली। जबसे महिला वुमेन टी20 चैलेंज ट्रॉफी शुरू हुई है कई दिग्गज महिला आईपीएल की मांग कर चुके हैं। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने अब इस पर बड़ी अपडेट देते हुए कहा है कि इस बार भी मई में एक बार फिर वुमेन चैलेंजर्स ट्रॉफी का आयोजन होगा। गांगुली ने साथ ही यह साफ किया कि आने वाले समय में महिला आईपीएल का भी आयोजन होगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि टीम इंडिया आने वाले समय में आर टेस्ट मैच खेलेगी।

भारत में पुरुष क्रिकेटर्स को तो किसी लीग में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं है लेकिन महिलाएं जरूर दूसरे देशों की टी20 लीग में अपना जौहर दिखाती हुई नजर आती हैं। ऑस्ट्रेलिया की बीबीएल से लेकर किया न्यूजीलैंड के सुपर लीग तक में भारतीय महिला खिलाड़ियों का जलवा देखने को मिला है।

भारत में भी लंबे समय से महिला आईपीएल की मांग हो रही है लेकिन अब तक इसे लेकर कुछ ठोस प्लान सामने नहीं आया था। अब बीसीसीआई अध्यक्ष ने इसे लेकर बड़ा अपडेट दिया और लिखा, 'टीम इंडिया आने वाले समय में टेस्ट मैच खेलेगी। हम आईपीएल की मेजबानी करेंगे और आने वाले समय में हम महिला आईपीएल को बड़े स्तर पर आयोजित करेंगे। यह तब होगा जब महिला खिलाड़ियों की संख्या बढ़ेगी। इस साल भी आईपीएल के प्लेऑफ के दौरान वुमेन चैलेंजर्स ट्रॉफी का आयोजन होगा।

बता दें कि पिछले साल के अंत में भी सौरव गांगुली ने उम्मीद जताई थी कि महिला आईपीएल का आयोजन जल्द होगा।

उन्होंने कहा, 'हमारे दिमाग में महिला आईपीएल है। हम इसके ड्राफ्ट पर काम कर रहे हैं जल्द ही बताएंगे कि अगले तीन-चार महीनों में हम इसे लेकर क्या करने जा रहे हैं और यह टूर्नामेंट किस तरह आकार लेगा. मुझे लगता है कि जल्द ही यह महिला आईपीएल शुरू होगा और हम विदेशी खिलाड़ियों को भी उसमें आमंत्रित करेंगे, ताकि वे भी हमारे घरेलू खिलाड़ियों के साथ अपना अनुभव साझा कर सकें।

अंडर 19 वर्ल्ड कप: ऑस्ट्रेलिया को रौंदकर शान से लगातार चौथी बार फाइनल में पहुंचा भारत

नईदिल्ली। वेस्टइंडीज में खेले जा रहे अंडर 19 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया पर 96 रनों की बड़ी जीत के साथ भारतीय टीम फाइनल में पहुंच गई है। यह लगातार चौथी बार हुआ है जब टीम ने फाइनल में जगह बनाई है। एंटिगा के कूलीज क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान यश ढुल और शेख रशीद की शानदार साझेदारी के दम पर 290 रन बनाए थे। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 194 रनों पर ही ऑल आउट हो गई और 50 ओवर भी नहीं खेल पाई।

भारत के नाम अंडर-19 विश्व कप में सबसे ज्यादा बार फाइनल में पहुंचने का रिकॉर्ड है। टीम इंडिया ने 2000, 2006, 2008, 2012, 2016, 2018, 2020 के बाद इस साल भी फाइनल का टिकट हासिल किया है। वहीं अब तक चार बार खिताब जीतने में भी कामयाब रही है। भारत ने 2000, 2008, 2012 और 2018 में विश्व कप जीता था। इस बार फाइनल में टीम इंडिया का सामना इंग्लैंड से होगा।

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद भारत ने फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी (06) का विकेट आठवें ओवर में 16 रन के स्कोर पर ही गंवा दिया था। विलियम साल्जमैन (57 रन देकर दो विकेट) की गेंद रघुवंशी के बल्ले का बाहरी किनारा लेकर उनके स्टंप उखाड़ गई। दूसरे सलामी बल्लेबाज हरनूर सिंह (16) भी ज्यादा देर तक नहीं टिक सके और भारत को दूसरा झटका 37 रन पर लगा।

ऑडी ने अपनी एसयूवी क्यू7 का नया संस्करण उतारा, कीमत 79.99 लाख रुपये से शुरू

नईदिल्ली। जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी ऑडी ने देश में अपनी एसयूवी कार क्यू7 का नया संस्करण उतारा है। दिल्ली में इसकी एक्स-शोरूम कीमत 79.99 लाख रुपये है।

ऑडी ने गुरुवार को बताया कि स्थानीय इकाई में तैयार इस कार में 48वी माइल्ड हाइब्रिड प्रणाली के साथ 3,000 सीसी का इंजन दिया गया है, जो 340 हॉर्स पवार की शक्ति पैदा करता है। यह कार 5.9 सेकंड में शून्य से 100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ़्तार पकड़ सकती है।

कंपनी के अनुसार यह कार दो नए संस्करण क्यू7 प्रीमियम प्लस और क्यू7 टेक्नोलॉजी में उपलब्ध है और इनकी कीमत क्रमश: 79.99 लाख और 88.33 लाख रुपये है।

टायर निर्माताओं पर बाजार से खिलवाड़ के आरोप में 1788 करोड़ रुपये का दंड

नईदिल्ली। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने पांच प्रमुख टायर कंपनियों और उनके संघ पर बाजार को प्रभावित करने के लिए साठगांठ कर प्रतिस्पर्धा कानून का उल्लंघन करने के आरोप में कुल 1788 करोड़ रुपये का दंड लगाया है।

आयोग की जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इन कंपनियों में अपोलो टायर्स लिमिटेड, एमआरएफ लिमिटेड, सीईएटी लिमिटेड, जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड, बिड़ला टायर्स लिमिटेड और उनकी एसोसिएशन शामिल है।

आयोग ने इन कंपनियों के खिलाफ 31 अगस्त 2018 को एक अंतिम आदेश पारित किया था और उसमें इन कंपनियों और इनके संगठन ऑटोमोटिव टायर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एटीएमए) ने सामान्य बाजार में बेचे जाने वाले क्रॉस प्लाई/बायस टायरों की कीमतों को कृत्रिम रूप से चढ़ाने और बजार में उत्पादन तथा आपूर्ति को सीमित और नियंत्रित करने के लिए गुट बना कर काम करके प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 3(1) और अन्य धारओं का उल्लंघन करने का दोषी करार दिया था।

सीसीआई के उक्त आदेश के खलाफ अपील पर मद्रास उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार उस आदेश सीलबंद लिफाफे में रखा गया था। मद्रास उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने दिनांक 06 जनवरी 2022 को उक्त रिट अपील को खारिज कर दिया।

टायर कंपनियों ने उसके बाद माननीय सर्वोच्च न्यायालय में विशेष अनुमति याचिक (एसएलपी) दायर की थी जिससे न्यायालय ने 28 जनवरीको 2022 को खारिज कर दिया।

सीसीआई ने यह मामला प्रतिस्पर्धा कानून की धारा 19(1) (बी) के तहत कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) से जांच के लिए मिले एक पत्र के आधार पर विचारार्थ लिया था।

पीएसएल : लाहौर कलंदर ने पेशावर जाल्मी को हराया

कराची। लाहौर कलंदर ने आधा दर्जन कैच टपकाने के बावजूद पाकिस्तान सुपर लीग के मैच में पेशावर जाल्मी को 29 रन से हरा दिया।

खराब क्षेत्ररक्षण के बावजूद लाहौर ने पेशावर को नौ विकेट पर 170 रन पर रोक दिया। इससे पहले फखर जमां (66) और मोहम्मद हफीज (37) ने लाहौर को चार विकेट पर 199 रन तक पहुंचाया था।

तेज गेंदबाज डेविड वीसे इस सत्र की पहली हैट्रिक के करीब पहुंचे थे जब पेशावर के आखिरी बल्लेबाज सलमान इरशाद को पगबाधा आउट करार दिया गया लेकिन बल्लेबाज ने रिव्यू लिया और कामयाब रहे।

कप्तान शाहीन शाह अफरीदी ने 19 रन देकर दो विकेट लिये। उन्होंने तीसरी ही गेंद पर अफगानिस्तान के हजरतुल्लाह जजाइ को बोल्ड कर दिया। कामरान अकमल ने 41 रन बनाये जबकि हुसैन तलत (15) तीन जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके।

युवा तेज गेंदबाज जमान खान ने 32 रन देकर तीन विकेट लिये और दोनों बल्लेबाजों को लगातार गेंदों पर आउट किया। लाहौर के अनुभवी स्पिनर अफगानिस्तान के राशिद खान ने शोएब मलिक (सात) को 12वें ओवर में आउट करके टीम को शानदार शुरूआत दिलाई। वह कोरोना संक्रमण से उबरने के बाद इस सत्र का पहला मैच खेल रहे हैं।

अक्षय कुमार ने पूरी की राम सेतु की शूटिंग, दिवाली पर आएगी फिल्म

अक्षय कुमार की फिल्मों का इंतजार दर्शकों को बहुत बेसब्री से रहता है। एक के बाद एक कई फिल्में उनके खाते से जुड़ी हैं। लंबे समय से वह अपनी फिल्म राम सेतु को लेकर चर्चा में हैं। अब अक्षय ने इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म की शूटिंग समाप्त करने की जानकारी दी है। फिल्म इस साल दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

अक्षय ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में उन्होंने कहा, आज मेरी फिल्म राम सेतु का आखिरी दिन है। राम सेतु को बनाने में वानर सेना लगी और मेरी फिल्म राम सेतु को बनाने के लिए मेरी सेना ये है। इसके बाद उन्होंने फिल्म की टीम की झलक दिखाई, जिसमें सभी कलाकार मस्ती करते हुए नजर आए। फिल्म की अहम कलाकार जैकलीन फर्नांडिस भी इस मौके पर दिखीं।

अक्षय ने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा, यहां एक और अद्भुत प्रोजेक्ट राम सेतु की शूटिंग को मैंने पूरा कर लिया। इस फिल्म के निर्माण के दौरान मैंने बहुत कुछ सीखा। यह फिर से स्कूल जाने जैसा अनुभव था। बड़ी मेहनत की है हम सबने, अब बस आपका प्यार चाहिए। शेयर किए गए वीडियो में बताया गया है कि यह फिल्म इस साल दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

इस फिल्म की शूटिंग पिछले साल मार्च में शुरू हुई थी। फिल्म में नुसरत भरूचा को भी मुख्य भूमिका में देखा जाएगा। नुसरत पहली बार अक्षय के साथ स्क्रीन साझा करती नजर आएंगी। अक्षय फिल्म में एक पुरातत्वविद की भूमिका में नजर आएंगे।

वेब सीरीज बेस्टसेलर से अपना डिजिटल डेब्यू करेंगे मिथुन चक्रवर्ती

बॉलीवुड में डिस्को डांसर के रूप में अपनी पहचान बना चुके मिथुन चक्रवर्ती एक बार फिर चर्चा में हैं। फिल्मी दुनिया में अपनी धाक जमाने के बाद छोटे पर्दे पर भी मिथुन दा ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। अब फिल्मों और टीवी के बाद मिथुन दा ओटीटी प्लेटफॉर्म की ओर रुख कर रहे हैं। वह अमेजन प्राइम वीडियो की वेब सीरीज बेस्टसेलर से अपना डिजिटल डेब्यू करने वाले हैं।

प्राइम ने सीरीज की रिलीज डेट का ऐलान पोस्टर के साथ किया। पोस्टर पर सीरीज की मुख्य स्टारकास्ट को दिखाया गया है। मिथुन कुर्सी पर अपने चिर-परिचित अंदाज में बैठे हैं। सिर पर काले बालों का विग और सफेद दाढ़ी-मूंछ उनके लुक को अतरंगी बना रही है। अभिनेत्री श्रुति हासन आगे खड़ी हैं। सत्यजीत दुबे और गौहर खान पीछे खड़े हैं, वहीं सबसे दिलचस्प अंदाज में अर्जन बाजवा दिख रहे हैं, जो किताबों के ढेर पर बैठे हुए हैं।

मिथुन को 1976 में आई अपनी पहली ही फिल्म मृगया के लिए बेस्ट एक्टर के नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। उन्हें दो फिल्मफेयर अवार्ड और तीन नेशनल फिल्म अवार्ड मिल चुके हैं। मिथुन टीवी शो डांस इंडिया डांस के ग्रैंडमास्टर रह चुके हैं।

सीरीज का पोस्टर काफी दिलचस्प है और इसे लेकर उत्सुकता जगाता है।

हिन्दी सहित कई भाषाओं में 25 मार्च को रिलीज होगी आरआरआर

एसएस राजामौली आरआरआर को लेकर लाइम लाइट में हैं। कोरोना महामारी के कारण कई बार फिल्म की रिलीज डेट टल चुकी है। हाल में मेकर्स ने ऐलान किया था कि फिल्म इस साल 18 मार्च या 28 अप्रैल को दर्शकों के बीच आएगी। अब एक बार फिर निर्माताओं ने नई रिलीज डेट जारी की है। फिल्म 25 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में जूनियर एनटीआर, राम चरण, अजय देवगन और आलिया भट्ट जैसे कलाकार दिखेंगे।

फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर जानकारी दी है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, ना 18 मार्च और ना ही 28 अप्रैल; राजामौली और उनकी टीम ने पूरी तरह से आरआरआर की नई रिलीज डेट तय की है।

आज का राशिफल

मेष : परिवार एवं दाम्पत्य सुख का भरपूर योग है। सगे-संबंधियों के बीच मधुर वाणी का प्रयोग करें। प्रयासरत क्षेत्रों में कुछ अड़चनों का सामना करना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्यों में आलस्य न करें।

बृषभ : योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छबि बनायें। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। जीवन साथी का भावनात्मक सहयोग मिलेगा।

मिथुन : अपने पराक्रम व जौहर का भरपूर लाभ उठाएंगे। सामान्य दिनचर्या के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा। रोजगार में लाभकारी स्थिति होगी।

कर्क : अपने कल्पनाशील व महवाकांक्षी मन को दूसरों की प्रगति से हीनता का शिकार न होने दें। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा के आसार हैं। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होगी।

सिंह : अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

कन्या : आपका अत्याधिक बोलना या फिर बिन मांगे किसी को सलाह देना हानिकारक हो सकता है। कुछ नये पारिवारिक तनावों से मन में अशान्ति का माहौल बनेगा। पारिवारिक संबंधों में असंतोष की आशंका है।

तुला : नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार हैं। ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे अपयश या लान्छन मिले। नकारात्मक चिंताएं उत्साह में कमी लाएंगी। क्रोध पर काबू रखें और आवेश आकर कोई निर्णय न लें।

वृश्चिक : मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित होगा। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ मिलेगा।

धनु : कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। शिक्षार्थी शिक्षा में ध्यान दें। अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें।

मकर : मन नीरसता से प्रभावित रहेगा। पारिवारिक कार्यों में ब्यस्तता हो सकती है। परिवार में कोई सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी। किसी को भी अपने से कम न समझें। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा।

कुंभ : परिजनों की चिंताएं मन को परेशान करेंगी। जीवन साथी के साथ मधुर संवाद पर जोड़ दें। भविष्य संबंधी चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लावरवाही न बरतें। घर में खुशहाली रहेगी।

मीन : पारिवारिक जिम्मेदारियों की पूर्ति हेतु आर्थिक चिन्ताएं मन पर प्रभावी होंगी। परिवार में किसी श्रेष्ठजन के स्वास्थ्य के प्रति ख्याल रखें। संतान संबंधित प्रयास सार्थक होंगे। जीवन साथी का ध्यान रखें।

घर में भी बना सकते हैं मार्केट जैसे 'शेज़वान नूडल्स'

अगर आपको लगता है शेज़वान नूडल्स का असली स्वाद तो चाइनीज़ रेस्टोरेंट्स में भी मिलता है तो ये काफी हद तक सही है लेकिन पूरी तरह से नहीं। घर में भी आप इस रेसिपी को कर सकती हैं ट्राय।

सामग्री :

नूडल्स- 1 पैकेट, बारीक कटी शिमला मिर्च- 1, बारीक कटा प्याज- 1, बारीक कटा गाजर- 1, तेल- 1 चम्मच, शेजवान चटनी- 2 चम्मच, बारीक कटा हरा प्याज- 2 चम्मच, बारीक कटा अदरक- 1 चम्मच, बारीक कटा लहसुन- 1 चम्मच, कटी हुई हरी मिर्च- 1 चम्मच

विधि :

- सबसे पहले नूडल्स को उबाल लेंगे।
- अब एक पैन में तेल गर्म करें और उसमें अदरक, लहसुन और हरी मिर्च डालकर अच्छे से भूनेंगे।
- अब कटी हुई हरी सब्जियां डालकर चार से पांच मिनट तक और भूनें।
- इसके बाद डालें शेज़वान चटनी और उबले हुए नूडल्स।
- तीन से चार मिनट तक सब्जी और नूडल्स को और पका लेंगे।
- अंत में ऊपर से हरा प्याज डालकर सारी चीज़ों को मिक्स कर लेंगे।
- तैयार है लजीज शेजवान नूडल्स गर्मागर्म सर्व करें.

शब्द सामर्थ्य- 339

बाएं से दाएं

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 338 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व	
प		ति			र	क्ष	क	
र	ह	मा	न					आ
वा			मि	थु	न		दा	स
ह	वा	ला	त		सी	ता		पा
	न				ब	क	वा	स
औ	र	त		म		त		
ला		बे	च	ना		व	च	न
द	ह	ला		ना	ग	र		दी

सू-दोकू- 339

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र. 338 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6